**प्रदर्शन** | 'प्रधानमंत्री वीक है, तभी तो पेपर लीक है' के नारों से गूंज उठा क्षेत्र, नीट पेपर लीक के विरोध में युवा कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

# रेलवे ट्रैक पर उतरकर रोकी इंटरसिटी ट्रेन




**नवभारत,जबलपुर।** देशभर में चर्चित नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों और युवाओं में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जबलपुर में युवा कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता जबलपुर-आधारताल रेलवे ट्रैक पर उतर गए और भोपाल जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, 'प्रधानमंत्री वीक है, तभी तो पेपर लीक है' जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन की सूचना मिलते ही आरपीएफ और आधारताल थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों को ट्रैक से हटाया और कुछ देर तक रुकी ट्रेन को पुन: रवाना कराया। इसके बाद रेलवे यातायात बाधित करने के मामले में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई।

यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और स्थानीय पदाधिकारी इसमें शामिल हुए। सभी ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई।

युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लगातार भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, जिससे देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है।


इस मौके पर यश घनघोरिया ने कहा कि इस वर्ष आयोजित नीट परीक्षा में लगभग 22 लाख 80 हजार छात्रों ने भाग लिया। इनमें से अधिकांश छात्रों ने डॉक्टर बनने के सपने के साथ दिन-रात मेहनत की थी। लेकिन पेपर लीक के आरोपों ने छात्रों की वर्षों की तैयारी और मेहनत पर पानी फेर दिया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले, सागर शुक्ला, मोंटी वंशकार, राजा रैकवार, अभ्युत बाजपेयी, मोनू जायसवाल, ऋतिक रजक, ललित सोनी, ओवेस अंसारी, नयन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

रेलवे ट्रैक पर उतरकर ट्रेन रोकने को गंभीर मामला मानते हुए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार रेलवे संचालन में बाधा डालना दंडनीय अपराध है और संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया जा सकता है।

# अवैध नल कनेक्शन लेने पर 3 के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

### शुद्ध पेयजल की कर रहे थे बर्बादी



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा शहर में अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ और शुद्ध पेयजल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ी व सख्त कार्रवाई की गई है। नगर निगम के जल विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान मदन महल क्षेत्र में मुख्य पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन लेकर शुद्ध पानी की बर्बादी और उसे दूषित करने का एक गंभीर मामला पकड़ा है, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मदन महल थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### टीमें लगातार मैदान में

जल विभाग के अधिकारियों ने नवभारत को बताया कि जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू बनाने और वार्डों की जल संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए नगर निगम की टीम लगातार मैदानी निरीक्षण कर रही है। इसी कड़ी में निरीक्षण के दौरान गेट नंबर-4 से स्नेह नगर जाने वाले मार्ग पर स्थित साईं बाबा मंदिर के कॉर्नर पर एक नवनिर्मित व्यावसायिक बिल्डिंग में मुख्य जल वितरण पाइप लाइन से सीधे अवैध नल कनेक्शन लिया हुआ पाया गया।

### स्वच्छ पानी बहकर मिल रहा था दूषित पानी में

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार इस भवन के मालिकों क्रमशः राहुल वाधवानी, मुकेश पाण्डेय और अनुपम गुप्ता द्वारा अवैध कनेक्शन के जरिए शुद्ध पेयजल का उपयोग भवन निर्माण जैसे व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा था। निरीक्षण टीम ने ये भी पाया कि अवैध रूप से लिए गए नलों को खुला छोड़ दिया गया था, जिससे कीमती पानी बहकर समीप की नाली के दूषित जल के संपर्क में आ रहा था। इससे मुख्य लाइन के शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित होने और नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होने का गंभीर खतरा पैदा हो गया था। इसे एक गंभीर कानूनी अपराध और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का कृत्य मानते हुए नगर निगम के सहायक यंत्री जल द्वारा मदन महल थाना प्रभारी को पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है।

# मोहल्ले में फालतू बैठने से मना किया तो मचाया था उत्पात

### रांझी पुलिस ने 2 विधि विवादित बालक ,1 आरोपी को किया गिरफ्तार



**नवभारत,जबलपुर।** थाना रांझी अंतर्गत मोहल्ले में फालतू बैठने से मना करने की बात पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से सुअरमार बम फेंकने एवं कार में तोडफोड़ करने वाले 2 विधि विवादित बालक एवं 1 आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में किशन तिवारी पिता अशोक तिवारी उम्र 20 वर्ष संजय नगर पानी की टंकी आधारताल, एवं 16 वर्षीय विधि विवादित बालक , 17 वर्षिय विधि विवादित बालक शामिल है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक्सेस वाहन भी जप्त कर लिया है।

### 11 मई को फैलाई थी दहशत

विदित हो कि विगत 11 मई को अक्षय सिंह ने रांझी पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बिल्डर है और रात करीब 1 बजे 3 अज्ञात बदमाशों द्वारा उसके घर के सामने सुअरमार बम फेंककर दहशत फैलाई गई थी और बैलीनो कार में तोड़फोड़ की गई है। जिसके बाद पुलिस ने सीसी कैमरे की फुटेज चैककर आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया कि तीनों ने अक्षय सिंह द्वारा मोहल्ले के पास फालतू बैठने से मना करने की बात पर कृत्य किया था। प्रकरण में आरोपी किशन तिवारी उम्र 20 वर्ष संजय नगर पानी की टंकी आधारताल को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक्सिस जप्त करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा दोनों विधि विवादित बालकों के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### युवा संगम का आयोजन आज

**नवभारत,जबलपुर।** युवाओं को निजी क्षेत्र की विभिन्न नई कंपनियों में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्धत कराने तथा शासन की स्वकरोजगार योजनाओं की जानकारी देने जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय मॉडल आईटीआई तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से गुरूवार 21 मई को युवा संगम का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक रोजगार एम एस मरकाम ने बताया कि मॉडल आईटीआई में आयोजित युवा संगम में दसवीं, बारहवीं एवं स्नातक तथा आईटीआई एवं पोलिटेक्निक डिप्लोमा योग्यता वाले 18 वर्ष से 30 वर्ष की आयु के युवा शामिल हो सकेंगे। उन्होंआने बताया कि आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा चयन किया जायेगा।

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रोता हुये भाव-विभोर





**नवभारत, जबलपुर।** आदर्श केशरवानी वैश्य समाज संगठन, हाथीताल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सम्मिलित होकर कथा का श्रवण किया। उन्होंने कैलाशपुरी दुर्गा मंदिर में परम पूज्य जगत गुरु नर्सिंग जी महाराज के सानिध्य में पूजन किया, जहाँ उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को पूज्य महाराज के श्रीमुख से कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस दौरान श्रीमद् भागवत कथा में श्रोता हुये भाव-विभोर हुये कथा स्थल पर पहुँचे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पूज्य महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में पूरी श्रद्धा के साथ पूजन-अर्चन संपन्न किया। केशरवानी समाज के पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा माननीय मंत्री का वहाँ पहुँचने पर भव्य और आत्मीय स्वागत कर अभिनंदन किया गया।

### केशरवानी समाज ने माना आभार

इस पुण्य आयोजन पर पधारने एवं अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने हेतु हाथीताल केशरवानी समाज ने माननीय लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह का हृदय की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। समाज के अनुसार, इस धार्मिक आयोजन में उनका पहुँचना पूरे क्षेत्र एवं समाज के लिए अत्यंत हर्ष का विषय रहा।

## एक नजर में

### अमचूर को हेरोइन बताने के मामले में कोर्ट सख्त

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक खोत की एकलपीठ ने 16 वर्ष पूर्व अमचूर को हेरोइन बताने के मामले में 10 लाख हर्जाने का आदेश सुनाया। मामला ग्वालियर निवासी इंजीनियर से संबंधित हैए जिसे 2010 में भोपाल एयरपोर्ट की मशीन की गलती के कारण 57 दिन की जेल काटनी पड़ी थी। दरअसल दिल्ली के लिए फ्लाइट पकडने भोपाल एयरपोर्ट पहुंचे इंजीनियर अजय सिंह को सुरक्षा जांच के दौरान रोक लिया गया था। उनके बैग में रखे अमचूर पाउडर को एयरपोर्ट की एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर मशीन ने हेरोइन और अन्य ड्रग्स बताकर अलार्म दे दिया। इसके बाद अजय पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया था। 57 दिन बाद फारेंसिक जांच में सामने आया कि बैग में रखा पाउडर अमचूर मसाला था। हाईकोर्ट ने राज्य की फारेंसिक जांच व्यवस्था पर तल्ख टिप्पणी करते हुए अजय सिंह के हक में हर्जाना देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि राज्य की प्रयोगशालाओं के पास जांच के जरूरी उपकरण ही नहीं हैं तो बड़े ढांचे और विशेषज्ञ अधिकारियों की तैनाती का क्या औचित्य है। संसाधनों की कमी के कारण एक निर्दोष व्यक्ति को 57 दिन जेल में रहना पड़ा, जो उसके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि एक महीने के भीतर प्रदेश की सभी रीजनल फारेंसिक साइंस लेबोरेटरीज का निरीक्षण कर जरूरी उपकरण और स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### आईडी अनिवार्य, सभी आवेदन होंगे ऑनलाइन

**नवभारत,जबलपुर।** जिले में आगामी खरीफ 2026 सीजन से सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों के पास 'एग्रीस्टेक फार्मर आई.डी.' होना अनिवार्य कर दिया गया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने यह नई डिजिटल एग्रीस्टेक आधारित व्यवस्था लागू की है। उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने बताया कि अब किसी भी सरकारी योजना का लाभ ऑफलाइन नहीं मिलेगा और सभी आवेदन प्रक्रियाएं 'एम.पी. किसान पोर्टल' के माध्यम से पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई हैं।इस नई व्यवस्था को लागू करने का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाना, कागजी कार्रवाई को खत्म करना और बिचौलियों से मुक्ति दिलाना है। इसके माध्यम से वास्तविक किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी और उनके बैंक खातों में सीधे तौर पर डीबीटी प्रणाली को भी मजबूती मिलेगी। किसानों को अब कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने होंगे और ऑफलाइन आवेदन पूरी तरह से अमान्य होंगे, जिससे भूमि का विवरण सीधे फार्मर आई.डी. से प्राप्त होने के कारण अनावश्यक दस्तावेज जमा करने से भी छुटकारा मिल जाएगा। किसानों को इस सुविधा का लाभ लेने के लिए सबसे पहले 'एम.पी. किसान पोर्टल' पर अपने सक्रिय मोबाइल नंबर से पंजीकरण करना होगा और आधार कार्ड के माध्यम से ई-केवायसी प्रमाणीकरण पूरा करना अनिवार्य है। इसके बाद, एग्रीस्टेक पोर्टल के जरिए फार्मर आई.डी. प्राप्त करके उसे अपने खेत के खसरा विवरण या वन पट्टा संख्या से लिंक करना आवश्यक होगा। योजना का लाभ लेने के बाद हितग्राही किसानों को डिजिटल क्रॉप सर्वे में अपनी निर्दिष्ट फसल का विवरण भी दर्ज कराना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, विभिन्न योजनाओं में मिलने वाले बीज मिनी किट का वितरण भी अब 'एम.पी. किसान मोबाइल एप' के माध्यम से बायोमैट्रिक या आधार सत्यापन के बाद ही किया जाएगा।

### आज से भेड़ाघाट में होगी श्रीमद् भागवत कथा

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में 21 मई से 28 मई तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम नगर परिषद भेड़ाघाट स्थित ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित होगा, जिसमें शिवशक्ति महायज्ञ और कनकधारा महायज्ञ भी किए जाएंगे। आयोजन में कथा वाचन पूज्य देवी श्यामा प्यारी जी द्वारा किया जाएगा।

**अधीक्षण अभियंता की बैठक में इंजीनियरों को मिले निर्देश**

# निर्बाध बिजली सप्लाई के लिए बना प्लान



**नवभारत,जबलपुर।** शहर में भीषण गर्मी के प्रकोप और बिजली की मांग में पिछले वर्ष की तुलना में 15ज्की वृद्धि को देखते हुए विद्युत कंपनी ने निर्बाध बिजली सप्लाई के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा की अध्यक्षता में आज शहर वृत्त के सभी कनिष्ठ, सहायक और कार्यपालन अभियंताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्रवार पावर ट्रांसफार्मर, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर, सबस्टेशन, 11 केवी और 33 केवी फीडर पर बिंदुवार चर्चा कर ब्रेकडाउन से निपटने की रणनीति बनाई गई। शाम और रात की पाली में अतिरिक्त लाइन स्टाफ तैनात किया गया है। अगले एक माह तक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक शहर के पांचों संभागों के फ्यूज ऑफ कॉल सेंटर में कनिष्ठ या सहायक अभियंता स्तर के अधिकारी तैनात रहेंगे।

### शाम को अधिकारी करेंगे गश्त

श्री अरोरा के अनुसार, अधिकारियों की टीमें प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 8:30 बजे तक लगभग 30 टीमों के साथ शहर में भ्रमण करेंगी ताकि बिजली व्यवधान को रोका जा सके। करंट आने, तार टूटने या बड़े ब्रेकडाउन जैसी आपातकालीन स्थितियों से तुरंत निपटने के लिए उपभोक्ता सेवा केंद्रों के क्षेत्रीय नंबर आम जनता के लिए जारी किए गए हैं। बिजली उपभोक्ता केंद्रीयकृत शिकायत नंबर 1912 के अलावा इन क्षेत्रीय नंबरों पर भी सीधे संपर्क कर सकते हैं, जिससे तकनीकी टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य कर सकें। अधिकारियों की यह रात की तैनाती और सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेगी कि उपभोक्ताओं को इस तपन में बिना किसी रुकावट के लगातार बिजली मिलती रहे।

# ईश्वर कृपा से किए गए कर्म ही देते हैं असली सुख : नरसिंह देवाचार्य महाराज



**नवभारत, जबलपुर।** दुर्गा मंदिर कैलाशपुरी, हाथीताल में आदर्श केशरवानी वैश्य समाज संगठन द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस पर सुदामा चरित्र, भागवत महात्म्य एवं परीक्षित मोक्ष की कथा संपन्न हुई। इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने कहा कि हमारे जीवन में कर्म और कृपा दोनों महत्वपूर्ण हैं, और ईश्वर कृपा से किया गया कर्म ही विश्राम और सुखदायक होता है जबकि कृपा रहित कर्म दुखदाई व थकाने वाला हो जाता है।

डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने कथा के दौरान कहा कि ईश्वर की कृपा उसी को प्राप्त होती है जो उसके लिए प्रयास करता है, उसकी आज्ञानुसार चलता है और उसकी प्रसन्नता के लिए कर्म करता है।

### यजमानों द्वारा किया गया व्यास पीठ का पूजन

श्रीमदभागवत महापुराण के विश्राम दिवस पर व्यास पीठ का पूजन अर्चन और आरती मुख्य यजमानों द्वारा संपन्न की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में गोकुल केसरवानी, विनय केसरवानी, कपूरचंद्र केसरवानी, हरिवंश-निर्मला केसरवानी, नारायण दास-शान्ति देवी केसरवानी, कुंजविहारी केसरवानी, हरि शंकर-कान्ति केसरवानी, हिंद लाल केसरवानी, शिवदीन केसरवानी, रामरूप-रामबाई केसरवानी, कन्हैयालाल केसरवानी, मूलचंद्र-शाकुंतला केसरवानी, राम कृपाल केसरवानी, राम दिनेश सेन-सुभद्रा सेन, बनवारी लाल-गुलाब कली केसरवानी, केदारनाथ-गीता केसरवानी, मिश्री लाल-शीला केसरवानी, हरिवंश-सुनीता केसरवानी, प्रदीप-सरोज केसरवानी, प्रेम लाल गुप्ता-बेला कली एवं यमुनी प्रसाद-अर्चना केसरवानी ने सम्मिलित होकर व्यास पीठ का विधि-विधान से पूजन अर्चन एवं आरती की।

**कार्यवाही** | अवैध शराब के कारोबार मे लिप्त आरोपियों के विरूद्ध पुलिस का अभियान

# सार्वजनिक स्थानों में शराब पिलाने वालों पर कार्यवाही



**नवभारत, जबलपुर।** असामाजिक तत्वों एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वालों एवं अवैध शराब के कारोबार मे लिप्त आरोपियों के विरूद्ध की पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार गठित टीमो द्वारा दबिश देते हुये थाना संजीवनी नगर में -7, थाना माढोताल में-5, थाना ओमती में -2, थाना अधारताल में-1, गोहलपुर में-1, विजय नगर में -1, बेलबाग में-1 सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वाले व्यक्तियों सहित, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 26 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 536 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 15 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी ।

इसी प्रकार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 3 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 109 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 20 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 4 गैरम्यादी, 15 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 78 जमानती वारंट तामील किये गये ।

थाना विजय नगर एवं थाना हनुमानताल में 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये । वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 224 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 1 लाख 7 हजार 700 रूपये समन शुल्क वसूला गया ।

# घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करते आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत,जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने घरेलू गैस सिलेन्डर का व्यवसायिक दुरूपयोग करते आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गोहलपुर रीतेश पाण्डे ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की अंकित दाहिया नाम का व्यक्ति मेन रोड अमखेरा में ठेला लगाकर अपने ठेला के पास कई ग्राहकों को शराब पिलवा रहा है एवं घरेलू गैस सिलेन्डर का दुरूपयोग करते हुये शराब पीने वाले व्यक्तियों के लिये चखना तैयार कर रहा है । सूचना पर मुखबिर के बताये हुये स्थान पर दी गयी गयी जहॉ अंकित दाहिया के ठेला के पास कई व्यक्ति शराब पीते हुये दिखाई दिये जो पुलिस को देखकर भाग गये, ठेला चलाने वाले व्यक्ति को पकडकर नाम पता पूछा गया जिसने अपना नाम पता अंकित दाहिया उम्र 26 वर्ष निवासी अम्बेडकर कॉलोनी थाना अधारताल बताया, ठेला की तलाशी लेने पर दो नग देशी पाव शराब रखी मिली। आरोपी ने पूछताछ करने पर अंकित ने अपने ठेला में रखे घरेलू गैस सिलेन्डर से शराब पीने वाले व्यक्तियों के लिये चखना तैयार करना बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से घरेलू गैस सिलेण्डर, रेग्युलेटर, गैस चूल्हा एवं 02 पाव देशी शराब जप्त की है।